## लुटेरे एक सप्ताह बाद भी पकड़ में नहीं आये

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। सादुलशहर के प्रमुख बाजार में स्थित प्रतिष्ठित किराना व्यवसायी परमानंद नरेश कुमार की दुकान पर हुई लूट की वारदात के बाद कस्बे में आक्रोश का माहौल है।

घटना को हुए एक सप्ताह से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस अब तक आरोपियों को पकड़ने में नाकाम रही है। इसको लेकर मंगलवार को व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर अरूट चौक पर धरना दिया। धरने में नगर के सभी प्रमुख व्यापारिक संगठनों ने भाग लिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

व्यापारियों का कहना है कि 5 अगस्त को दो अज्ञात लुटेरे दिनदहाड़े दुकान में घुसकर गल्ले से 90 हजार रूपए निकालकर फरार हो गए। मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाई गई लेकिन अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं। लुटेरों की गिरफ्तारी न होने से व्यापारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। धरने को किराना, कपड़ा, मिठाई, दूध व्यापारियों के साथ-साथ मजदूर यूनियन का भी समर्थन मिला। सभी ने एक स्वर में मांग की है कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी हमारा विरोध आगे भी जारी रहेगा।

शहरवासियों का कहना है कि बाजारों में गश्त बढ़ाई जाए और सीसीटीवी निगरानी को भी बेहतर किया जाए। उधर सादुलशहर थानाधिकारी सुमेर सिंह ने बताया कि मामले की जांच जारी है और कुछ अहम पुख्ता सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस की टीमें लगातार आरोपियों की तलाश में लगी हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# नाल ग्राम से निकलेगी तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आज भाजपा देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 14 अगस्त को बीकानेर आगमन से पूर्व तैयारी बैठक रखी गई। बैठक में कहा कि बीछवाल मंडल के नाल गांव में 14 अगस्त को सुबह 11 बजे तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई में एक विशाल तिरंगा रैली निकाली जायेगी। जिसमें हजारों की संख्या में युवा, महिलाएं, आमजन शामिल होंगे।

- **14 अगस्त को भाजपा देहात हजारों झण्डों के साथ निकालेगी तिरंगा यात्रा**



**बीकानेर देहात भाजपा की तिरंगा यात्रा को लेकर संभाग कार्यालय में हुई बैठक को मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री विजेन्द्र पूनिया ने संबोधित किया।**

इसके लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई है। आज की बैठक में मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री विजेन्द्र पूनिया के साथ विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, विधायक विश्वनाथ मेघवाल, जेठानंद व्यास, पूर्व जिलाध्यक्ष जालम सिंह भाटी ने भाजपा देहात की तिरंगा यात्रा को लेकर जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा अध्यक्षों, छात्र नेताओं को संबोधित किया।

प्रदेश मंत्री विजेन्द्र पूनिया ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पूरे प्रदेश में तिरंगा यात्राएं होगी। हमारा सौभाग्य है कि आपके जिले की तिरंगा यात्रा में प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उपस्थित रहेंगे। इसलिए हमारी जिम्मेदारी ज्यादा बढ़ जाती है। तिरंगा यात्रा में विश्वविद्यालय, कोचिंग, स्पोर्ट्स के साथ अन्य संस्थाओं के युवाओं को इस तिरंगे की शान में आमंत्रित करें।

मीडिया संयोजक मनीष सोनी ने बताया कि आज की बैठक में महामंत्री दिलीप राजपुरोहित, कैलाश विश्नोई, उपाध्यक्ष जसवंत दईया, महेश झांवर, मंत्री राजाराम ओझा, संजना प्रजापत, खुशबू आसोपा, भरत सुथार, जयकिशन उपाध्याय, सोशल मीडिया संयोजक, पवन स्वामी, अशोक मारू, निशु लिंबा, प्रवक्ता महेन्द्र ढाका, मोर्चा अध्यक्ष भंवर जांगिड़, विनोद गिरी उपस्थित थे।

**नोखा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हंसासर में मंगलवार को तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। भाजपा पांचू मंडल अध्यक्ष करनाराम कुमावत और सरपंच प्रतिनिधि चांदरतन रंगा ने संयुक्त रूप से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मंडल अध्यक्ष करनाराम कुमावत ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे मजबूत संविधान है। उन्होंने कहा कि यह संविधान हमें आगे बढ़ने की ताकत देता है। कुमावत ने तिरंगे को देश का गौरव बताया। प्रधानाचार्य आजाद कुमार और व्याख्याता चन्दनमल पालीवाल ने कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर तकूराम बारूपाल, हरीशचंद्र, हिंगलाजदान सहित ग्रामवासी और शिक्षकगण मौजूद रहे। सुथारों का बास स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल में भी हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

## रामदेवरा यात्रियों के लिए 21 को रवाना होगा दल

**बीकानेर,** (कासं)। माहेश्वरी सेवा समिति की ओर से विगत 40 वर्षों की तरह इस वर्ष भी रामदेवरा पैदल जाने वाले पैदल यात्रियों के लिए बीकानेर से 85 किलोमीटर दूर नोखड़ा से 5 किलोमीटर पूर्व टोल नाके पर माहेश्वरी सेवा समिति द्वारा सात दिवसीय शिविर लगाया जायेगा।

समिति सदस्य श्यामसुंदर चांडक के अनुसार लगाये जाने वाले शिविर की व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक जस्सूसर गेट बाहर स्थित कार्यालय में रखी गई। आज की बैठक में उपस्थित समिति के सभी सदस्यों ने व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए बताया कि समिति द्वारा लगाये जाने वाले शिविर में विशेष रूप से शीतल पेयजल, मेडिकल सुविधा, चाय एवं नाश्ता सामग्री, भोजन की व्यवस्था पैदल जाने वाली यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेगी जिसकी संपूर्ण व्यवस्था समिति द्वारा पर्याप्त रूप से कर ली गई है।

समिति सदस्यों मोहित करनानी ने बताया कि माहेश्वरी सेवा समिति द्वारा लगाये जाने वाला सात दिवसीय यह शिविर आगामी 21 अगस्त से 27 अगस्त तक निरंतर 24 घंटे पैदल जाने वाले यात्रियों के लिए सेवादारों द्वारा सेवा देने का कार्य किया जायेगा।

समिति सदस्य मन्नू राठी ने बताया कि बाबा के आशीर्वाद से इस शिविर में उपरोक्त सभी सुविधाओं की व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है। समीक्षा बैठक में श्यामसुंदर चांडक, विष्णु चांडक, लक्ष्मी नारायण बिहानी, मोहित करनानी, नारायण मिमानी, आनंद चांडक, गोपी किशन स्वामी, अशोक चांडक, बजरंग कोठारी, दुर्गादास राठी, रमाशंकर बागड़ी आदि मौजूद थे।

## सार-समाचार

### एंटी रैगिंग पोस्टर का विमोचन




**एस. पी. मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी ने एंटी रैगिंग पोस्टर का विमोचन किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) एवं राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी), नई दिल्ली के निर्देशानुसार सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर में एंटी रैगिंग सप्ताह के उपलक्ष में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मंगलवार को महाविद्यालय के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी की अध्यक्षता में रैगिंग विरोधी समिति, रैगिंग विरोधी दल और रैगिंग विरोधी छात्र समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय के चिकित्सक शिक्षकों द्वारा सभी छात्रों को कक्षा में रैगिंग विरोधी शपथ दिलवाई जायेगी ताकि वे रैगिंग जैसी गतिविधियों से दूर रहें। इसके अतिरिक्त, 12 से 18 अगस्त 2025 तक एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, लोगो डिजाइन प्रतियोगिता, काउंसलिंग, सेमिनार, वर्कशॉप, और निबंध प्रतियोगिता जैसे आयोजन किए जायेंगे। इसी कड़ी में आज डॉ. गुंजन सोनी द्वारा यूजीसी के एंटी रैगिंग पोस्टर का विमोचन किया गया। ये पोस्टर महाविद्यालय और छात्रावासों के विभिन्न स्थानों पर लगाये जायेंगे ताकि छात्रों को रैगिंग के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा सके और वे ऐसी गतिविधियों से बचें। यह आयोजन छात्रों में जागरूकता बढ़ाने और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम




**केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान बीछवाल में उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम को डॉ. जगदीश राणे ने संबोधित किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान बीछवाल, बीकानेर में नाबार्ड द्वारा वित्त-पोषित परियोजना के अंतर्गत कलम ग्राफ्टिंग के माध्यम से खेजड़ी-थार शोभा का वानस्पतिक प्रवर्धन पर 12 से 14 अगस्त तक तीन दिवसीय ऑन-कैम्पस उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में बाड़मेर, ब्यावर, जैसलमेर, बीकानेर और नागौर से प्रगतिशील किसानों, बागवानों और युवा उद्यमियों सहित 15 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के दौरान, संस्थान के निदेशक डॉ. जगदीश राणे ने किसानों को आय और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए शुष्क क्षेत्र में खेजड़ी-थार शोभा के महत्व पर जोर दिया। फसल उत्पादन प्रभाग के प्रमुख डॉ. धुरेन्द्र सिंह ने किसानों से शुष्क फल और सब्जियों की फसलों, विशेष रूप से खेजड़ी और अन्य देशी फसलों को एकीकृत करके अपने कृषि उत्पादन में विविधता लाने का आग्रह किया। परियोजना अन्वेषक डॉ. डी. के. सरोलिया ने खेजड़ी के मातृ पौधे के रखरखाव, कलम चयन और ग्राफ्टिंग तकनीकों के बारे में बताया और किसानों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों से भी अवगत कराया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संस्थान विशेषज्ञ वैज्ञानिक डॉ. आर. के. मीणा, डॉ. के. एल. कुमावत, डॉ. पवन सिंह गुर्जर, रूपचंद बलाई और डॉ. लालचंद खेजड़ी के उच्च गुणवत्ता के कलमी पौधे तैयार करने की तकनीक के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान देंगे। इसके अलावा नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक रमेश ताम्बिया किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगे।

### कल से बनेंगे बारिश के आसार

**बीकानेर,** (कासं)। करीब दो सप्ताह तक शांत रहने के बाद मानसून के वापस सक्रिय होने के आसार बनने लगे हैं। वर्तमान में मानसून ट्रफ रेखा अमृतसर, चंडीगढ़ जो सामान्य से उत्तर की ओर से होकर गुजर रही है। इससे प्रदेश में पश्चिमी हवाएं चल रही हैं। यही वजह है कि आने वाले 4 दिन तक बारिश के आसार नहीं हैं। 14 अगस्त के बाद बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवाएं चलनी शुरू होंगी जिससे बारिश के आसार बनेंगे। दरअसल बीकानेर समेत पश्चिमी राजस्थान में पश्चिमी हवाएं बारिश की दुश्मन हैं। अगर पश्चिमी हवाएं चलेंगी तो बारिश नहीं होगी। उल्टी गर्मी बढ़ेगी। बीते कुछ दिनों से पश्चिमी हवाएं चल रही हैं। इसी वजह से बारिश के आसार नहीं बन रहे मगर 14 अगस्त से हवाओं का रुख बदलने वाला है। पश्चिम की गर्म हवाओं की जगह, पूर्वा सुहानी हवाओं के चलने के आसार हैं। पूर्वी राजस्थान में 15 अगस्त से और पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागों में 16 अगस्त से बारिश होने के आसार हैं। बीकानेर में 16 अगस्त से बादलों की आवाजाही बढ़ेगी और अगर हवाओं का साथ मिला तो बारिश का एक स्पेल होगा। इस बीच पश्चिमी हवाओं के कारण लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है। बीती रात का ही न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री तक पहुंच गया। दिन का पारा भी 38 डिग्री पार हो गया।

### मृतक और घायल बच्चों की मदद

**बीकानेर,** (कासं)। झालावाड़ जिले के मनोहर थाना के पीपलोदी गांव में 25 जुलाई को हुए दर्दनाक स्कूल हादसे में पीडित परिवारों को शिक्षक संघ रेसटा ने आर्थिक मदद पहुंचाई है। शिक्षक संघ एलिमेंट्री सैकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) ने 1 लाख 50 हजार 500 रुपए की सहायता राशि एकत्र की।25 जुलाई को राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल में जर्जर कमरे की छत गिरने से 7 बच्चों की मौत हो गई थी। इस हादसे में 21 बच्चे घायल भी हुए थे। रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने बताया कि संगठन ने मृतक बच्चों के परिवारों को 11-11 हजार रुपए एवं घायल बच्चों के परिवारों को 3500-3500 रुपए की नगद आर्थिक सहायता दी गई। संगठन के पदाधिकारियों ने पीडित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने घायल बच्चों का हाल जाना और डॉक्टरों से उपचार की जानकारी ली।

# गंगानगर जिले को भी मिले पी.एच.सी. में 48 नए डॉक्टर

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राज्य सरकार ने प्रदेश में 1699 नए चिकित्सा अधिकारियों को पोस्टिंग दी है। इसमें श्रीगंगानगर जिले को भी 48 नए डॉक्टर मिले हैं।

- **अब कोई पीएचसी बिना प्रभारी के नहीं रहेगी**
- **मरीजों को उपचार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा**

जारी पदस्थापन सूची में डॉ. कविता बिश्नोई को नेतेवाला, प्रिया मखीजा को रत्तेवाला, साहिल मिढ़ा को अरायण पीएचसी प्रभारी लगाया गया है। डॉ. कपिल पचार को चूनावढ़ सीएचसी, राशी को महियांवाली पीएचसी, परमजीत कौर को सरदारगढ़, मोनिका को डूंगरसिंहपुरा, नितिका चलाना को मोहनपुरा, देवेंद्र गेदर को बांडा कॉलोनी, वरूण महेश्वरी को गुलाबेवाला पीएचसी प्रभारी लगाया गया है। डॉ. निखिल मित्तल को बनवाली, नवीन शर्मा को कमरानिया पीएचसी, डॉ. प्रवीण को राजियासर सीएचसी में लगाया गया है। डॉ. अनिल चौधरी को रोजड़ी पीएचसी, योगेश सैनी को नाहरांवाली, हार्दिक शर्मा को गोमावांली, हरप्रीत सिंह को बाजूवाला पीएचसी प्रभारी लगाया गया है। अशोक कुमार को मोरजंड खारी, विनेश नेहरा को 8 केएसएम घड़साना, प्रेरणा सोनी को दुल्लापुर कैरी पीएचसी प्रभारी लगाया गया है। डॉ. विकास सांखला व भास्कर शर्मा को 61 एफ सीएचसी में लगाया गया है। डॉ. लव गुप्ता को हिन्दुमलकोट, प्रदीप सोनी को संगतपुरा, मनीष कुमार को हाकमाबाद पीएचसी प्रभारी लगाया गया है। डॉ. संदीप को माणकसर 13 एफएफ, सुरभि सहारण को चक महाराजका, पवन कुमावत को 48 जीजी श्रीनगर पीएचसी प्रभारी लगाया गया है। डॉ. कुलदीप कुलहरिया को करणपुर सीएचसी, एमडी हमीद को मम्मड़ पीएचसी, डॉ. दीपिका को बीरमाणा, प्रदीप कुमार सागर को 12 जीबी, राकेश चावला को अमरगढ़ पीएचसी प्रभारी लगाया गया है। डॉ. मित्रप्रताप सिंह परमार को उड़सर पीएचसी, अनिल गुर्जर को धनूर सीएचसी, सचिन गुर्जर को 17 जैड सीएचसी, अजय देवड़ा को फकीरवाली पीएचसी में प्रभारी लगाया गया है। डॉ. कृष्णकुमार को चानणाधाम, डॉ. अभिनव कुमार को रिडमलसर सीएचसी, आशीष सोलंकी को जलौकी पीएचसी, सुरेश कुमार को मुकलावा, आशीष मीणा को राजपुरा बाला पीएचसी प्रभारी लगाया गया है।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पावन धाम रोड पर नई दिशा नशा मुक्ति केन्द्र के नजदीक खाली प्लॉट में एक युवक ने पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक गणेश झा सद्भावना नगर का रहने वाला था।

इसे लेकर कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक की उम्र करीब 25 साल थी और वह अविवाहित था। वह मजदूरी करता था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार रात को गणेश झा परिवार वालों से नाराज होकर निकला था। अंदेशा है कि उसने रात के समय खाली प्लॉट में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या की। सुबह आसपास के निकल रहे लोगों ने शव को पेड़ पर लटके देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सेतिया कॉलोनी पुलिस चौकी प्रभारी रामेश्वर लाल ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया।

# हत्यारे पति को आजीवन कारावास की सजा

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के बज्जू थाना क्षेत्र में चाकू से गोदकर पत्नी की हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। आठ साल पहले ये घटना बज्जू के नगरासर गांव में हुई थी। अब महिला उत्पीड़न अदालत की पीठासीन अधिकारी रैना शर्मा ने ये फैसला सुनाया है।

- **आठ साल पहले चाकू से हमला कर किया था पत्नी का मर्डर**

मामला 12 जून 2018 का है। आरोप लगाया गया कि पति सोमराज पुत्र भोजाराम ने अपनी पत्नी शारदा पर चाकू से ताबड़तोड़ हमले कर दिए थे। जिससे उसकी मौत हो गई। शारदा के परिजनों ने थाने में मामला दर्ज कराया, जिसके बाद सोमराज को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोप था कि शादी के बाद से दहेज के लिए परेशान किया जा रहा था। वारदात से दो महीने पहले ही मोटरसाइकिल की मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट की गई थी। 11 जून 2018 को शारदा ने फोन करके कहा था कि बचा लो, यह मुझे मार देंगे। इसके बाद फोन कट हो गया। परिवादी पिता ने अपने बेटे सुनील और ममेरे भाई ओम प्रकाश को शारदा के घर भेजा जहां शारदा खून से लथपथ पड़ी थी। आरोपी खून स सना वहीं बैठा था। उधर सोमराज ने अदालत में कहा कि वह निर्दोष है। 11 जून को विवाह की वर्षगांठ थी और पत्नी शारदा सुबह से नाराज थी। रसोई के चाकू से उसने खुद पर हमला कर लिया। उसे बचाने की कोशिश की गई। इसी कारण सोमराज के भी चोट लगी। इस पर अदालत ने कहा कि बचाने की कोशिश करने के कोई प्रमाण पेश नहीं किए। धारा 302 में आजीवन कारावास व पचास हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

# सीपीआर देकर महिला की जान बचाई

**बीकानेर,** (कासं)। रेल मंडल के महेन्द्रगढ़ स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने समय रहते सीपीआर देकर एक महिला यात्री की जान बचाई। ऑपरेशन सेवा के तहत की गई इस त्वरित कार्रवाई ने न केवल महिला को नई जिंदगी दी बल्कि यात्रियों के बीच रेलवे की संवेदनशील छवि को और मजबूत किया।

- **रेल में 42 वर्षीय महिला अचानक दौरे से बेहोश हो गई थी**

गाड़ी संख्या 22421 दिल्ली सराय रोहिल्ला-जोधपुर एक्सप्रेस में यात्रा कर रही 42 वर्षीय महिला अचानक दौरे से बेहोश हो गई। गुड़गांव से महेन्द्रगढ़ तक सफर कर रही इस महिला की स्थिति देखकर सह यात्रियों ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी। तुरंत रेलवे सुरक्षा बल की महिला कांस्टेबल और टीम ने ट्रेन के सामान्य कोच से महिला को स्ट्रेचर पर प्लेटफॉर्म तक लाया और कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) देकर उसकी सांसें वापस लौटा दी। बाद में उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया जहां अब उसकी हालत स्थिर है। महिला के पति राजेश कुमार व मौजूद यात्रियों ने आरपीएफ के इस प्रयास की सराहना की। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, भूपेश यादव ने बताया कि आरपीएफ यात्रियों की सुरक्षा और सहायता के लिए हर समय तत्पर है।

## महिलाओं ने कजली तीज मनाई

**नोखा,** (कासं)। नोखा के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को कजली तीज का त्योहार उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। तिरूपति नगर में मीनू शर्मा और जोरावरपुरा में राधामणी चितलंगी के नेतृत्व में महिलाओं ने सुबह पूजा-अर्चना की।

विभिन्न स्थानों पर महिलाएं झूले झूलती नजर आई। सुहागिन महिलाओं ने सुबह से व्रत रखकर तीज माता की पूजा की। देव मंदिरों में दिनभर पूजा-अर्चना का क्रम जारी रहा। श्रीकृष्ण मंदिर में रात को पुरूषोत्तम महाराज तीज की कथा सुनायेंगे। रात में महिलाएं चंद्र दर्शन कर अर्ध्य देंगी। मायके से आये सिंजारे से व्रत खोला जायेगा। शाम को देवदर्शन के बाद महिलाओं ने मंगल गीत गाये।

# फर्जीवाड़े से किसान के नाम पर 2.75 लाख का लोन उठाया

**बीकानेर,** (कासं)। नोखा के जसरासर में एक किसान के नाम से फर्जी तरीके से 2,75,200 रूपए का लोन उठा लिया गया। किसान सरकारी बैंक में केसीसी बनवाने पहुंचा तो उसे पता चला कि केसीसी तो पहले ही बन चुकी है।

- **किसान बैंक में केसीसी बनवाने पहुंचा तो इस फर्जीवाड़े का पता चला**

फर्जीवाड़े की छानबीन होने लगी तो किसान के नाम से लोन की बकाया रकम जमा करा दी गई। पीड़ित किसान ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करने के लिए जसरासर पुलिस थाने में रिपोर्ट दी है और लोकपाल रिजर्व बैंक को भी शिकायत भेजी है।

जसरासर में गजसुखदेसर निवासी जगदीश प्रसाद जाट का जसरासर एसबीआई शाखा में खाता है। जिसमें आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य कागजात जमा हैं। इस कागजातों का दुरूपयोग कर 27 सितम्बर, 2024 को जगदीश के नाम से 2,75,200 रूपए का लोन उठा लिया गया। यह राशि जगदीश के नाम से ही खोले गए फर्जी खाते में ट्रांसफर हुई। 27 जुलाई को जगदीश जसरासर एसबीआई में केसीसी बनवाने गया तो बैंक कार्मिकों ने कहा कि केसीसी तो पहले हो चुकी है। उसके नाम से ट्रैक्टर का 2,75,200 रूपए का लोन स्वीकृत है। इसमें 38000 रूपए और 12735 रूपए की दो किश्तें जमा भी कराई गई हैं। अब 2.13 लाख रूपए बकाया है। इस फर्जीवाड़े का पता चलते ही जगदीश के होश उड़ गए।

उसने सरपंच रामनिवास तर्ड को फर्जीवाड़े की जानकारी दी और ग्रामीण जसरासर बैंक पहुंचे। वहां से कार्मिकों ने पूरी जानकारी के लिए बीकानेर एसबीआई की पीपी ब्रांच भेज दिया। जहां से स्टेटमेंट निकलवाकर जानकारी ली गई तो सामने आया कि उसके नाम से लोन की बकाया राशि 2,21,454 रूपए जमा करवा दिए गए हैं।

# बीकानेर-गंगानगर में स्मार्ट मीटर के खिलाफ सीपीआईएम का विरोध-प्रदर्शन

**बीकानेर,** (कासं)। कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ने राज्यव्यापी आव्हान के तहत आज बीकानेर जिला मुख्यालय पर प्रीपेड स्मार्ट मीटर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान सभा को संबोधित करते हुए भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के जिला सचिव सुंदरलाल बेनीवाल ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकारों की मिलीभगत से निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने तथा उपभोक्ताओं को लूटने की नीयत से सरकार स्मार्ट मीटर लगा रही है। जिसका भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी पूरे जिले में विरोध करेगी। सभा को नगर सचिव बजरंग छिंपा, डॉ सीमा जैन, अनिल बारूपाल, मोहर सिंह पचार, सुरेंद्र सिंह भाटी ने भी संबोधित किया। प्रदर्शन में मूलचंद खत्री, भोमिक आचार्य, निंबाराम डूडी, फरजाना, रमजानी, अश्विनी सोलंकी, जितेन्द्र गोदारा, बिन्दु जैन, रहमत बानो, मुन्नी, सलिल खत्री, इमरता राम सियाग आदि ने प्रदर्शन में भाग लिया।



**स्मार्ट मीटर के खिलाफ सीपीआईएम कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर विरोध-प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।**

**श्रीगंगानगर।** जिले के श्रीविजयनगर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर मंगलवार को श्रीविजयनगर में कई संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। स्टूडेंट्स फैडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने संयुक्त रूप से उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा और मुख्यमंत्री का सांकेतिक पुतला फूंका। उधर कांग्रेस कमेटी ने भी स्मार्ट मीटर और अन्य जनहित मुद्दों पर रैली निकालकर विरोध दर्ज कराया।

- **कांग्रेस कमेटी ने भी रैली निकालकर विरोध दर्ज कराया**

माकपा नेता भवानी पवार ने बताया कि श्रीविजयनगर में जल संकट विकराल रूप ले चुका है। गर्मियों में शहरवासियों को खारा पानी पीने को मजबूर होना पड़ता है। उन्होंने मांग की है कि क्षेत्र में शीघ्र ही एक बड़े वाटर वर्क्स की स्थापना की जाए।

## रामदेवरा मेले के लिए चलेंगी तीन जोड़ी ट्रेनें

**बीकानेर,** (कासं)। रामदेवरा मेले में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर पश्चिम रेलवे ने 3 जोड़ी मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन सुनिश्चित किया है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि इन रेल सेवाओं का उद्देश्य अतिरिक्त यात्री यातायात का सुचारू प्रबंधन और श्रद्धालुओं की आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करना है। पहली रेलसेवा श्रीगंगानगर-पोकरण मेला स्पेशल 25 अगस्त से 3 सितम्बर तक रोजाना श्रीगंगानगर से सुबह 10:15 बजे रवाना होकर शाम 8:15 बजे रामदेवरा पहुंचेगी।

वापसी में रात 8:45 बजे पोकरण से चलेगी और अगले दिन सुबह 7:50 बजे श्रीगंगानगर पहुंचेगी। दूसरी ट्रेन लालगढ़-रामदेवरा मेला स्पेशल शाम 5:30 बजे लालगढ़ से रवाना होगी और रात 8:15 बजे रामदेवरा पहुंचेगी।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2025/4263 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 31-07-2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है **श्रीमती नीलम पत्नी श्री हरि निवासी मकान नम्बर 14, शिव नगर, गली नं. 01, चक 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **आवासीय** भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 45 किला नं. 03 में माप 30 इन्द्र 48.6 फीट भूखण्ड संख्या पी-3, आनंद विहार, श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का नियमन पट्टा संख्या 6914 दिनांक 22.04.2009 को श्री मनीष गोस्वामी पुत्र श्री मानगिर गोस्वामी के नाम से जारी किया हुआ है। | श्रीमती नीलम पत्नी श्री हरि निवास द्वारा उक्त भूखण्ड को पंजीकृत बैयनामे द्वारा दिनांक 08.04.2025 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बावत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्रीमती नीलम पत्नी श्री हरि निवासी मकान नम्बर 14, शिव नगर, गली नं. 01, चक 3 ई छोटी, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पटटे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/414 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2025/4267 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 8-08-2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती अकविन्द्र कौर पत्नी स्व. श्री हरदीप संधू एवं श्री नवजोत संधू पुत्र स्व. श्री हरदीप संधू निवासी 31 एमएल रायसिंहनगर, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **आवासीय** भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | बेचान का विवरण एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एवं का विवरण | मीनू कंवर के जायज वारिसों का विवरण | दस्तावेज का विवरण |
| चक 4 एमएल मुरब्बा सं. 29 के किला सं. 15 में भूखण्ड माप 25'×51' फीट, भूखण्ड सं. एचसी-408 हॉमलेण्ड सिटी श्रीगंगानगर | आवासीय नियमन पट्टा सं. 3840 दिनांक 22.04.2006 को श्री संजीव मित्तल पुत्र श्री मेघराज मित्तल के नाम से जारी है। जो आज कि तिथि में दर्ज है। | श्री संजीव मित्तल द्वारा श्री हरदीप संधू एवं श्री अकविन्द्र कौर को बेचान कर दिया गया है। श्री हरदीप संधू की मृत्यु दिनांक 12.11.2017 को हो चुकी है। | 1. अकविन्द्र कौर - पत्नी 2. श्री नवजोत संधू - पुत्र | उक्त भूखण्ड को श्री हरदीप संधू की मृत्यु उपरांत इनके वारिसान श्रीमती अकविन्द्र कौर पत्नी स्व. श्री हरदीप संधू एवं श्री नवजोत संधू पुत्र स्व. श्री हरदीप संधू को पंजीकृत दस्तावेज बैयनामे दिनांक 23.07.2010 प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड का न्यास में नामान्तरण बावत आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्रीमती अकविन्द्र कौर पत्नी स्व. श्री हरदीप संधू एवं श्री नवजोत संधू पुत्र स्व. श्री हरदीप संधू निवासी 31 एमएल, रायसिंहनगर, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/170 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर